D

बिहार सरकार
खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

पत्रांक प्र06-रा0कू0(मुद्रण)-01/15 3540 /खाद्य,पटना/दिनांक 30/04/15

प्रेषक,

पंकज कुमार,
सरकार के सचिव ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी ।

विषय :- मुद्रित राशन एवं किरासन तेल कूपन के आपूर्ति के सम्बन्ध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य में राशन कूपन/किरासन तेल कूपन योजना अन्तर्गत योजनावार राज्य के सभी जिलों के लिए राशन कूपन एवं किरासन तेल कूपन के मुद्रण की स्वीकृति मनीपाल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, मनीपाल, कर्नाटक को दी गई है । उक्त प्रेस द्वारा योजनावार प्रति परिवार/व्यक्ति हेतु निम्नवत् कूपन का बुक तैयार किया जाएगा :-

(i) अन्त्योदय श्रेणी - (प्रपत्र - 3 एवं 4 के अनुसार)	इन परिवारों को गेहूँ एवं चावल के लिए अलग-अलग दो राशन कूपन प्रतिमाह दिया जाना है । इसके लिए प्रति परिवार एक वर्ष के लिए 24 कूपन का बुक होगा ।
(ii) पूर्विकताप्राप्त श्रेणी - (प्रपत्र - 3 एवं 4 के अनुसार)	इस श्रेणी के प्रत्येक व्यक्ति को एक कूपन दिया जाना है इसके लिए प्रति व्यक्ति एक वर्ष के लिए 12 कूपन का बुक होगा ।
(iii) अन्नपूर्णा श्रेणी - (प्रपत्र - 5 के अनुसार)	इस योजना में तीन माह का गेहूँ एवं चावल के एक कूपन होगा । इस योजना के लिए 4 कूपन का बुक होगा ।
(iv) किरासन तेल कूपन - (प्रपत्र - 1 एवं 2 के अनुसार)	अन्त्योदय, बी0पी0एल0 एवं ए0पी0एल0 परिवारों को प्रति माह किरासन तेल का एक कूपन दिया जाना है । अतः उक्त श्रेणी के सभी परिवारों हेतु प्रति परिवार एक वर्ष के लिए 12 कूपन का बुक होगा ।

संबंधित प्रेस द्वारा मई 2015 के द्वितीय सप्ताह से जून 2015 के अंतिम सप्ताह तक सीधे जिलों में योजनावार मुद्रित कूपनों की आपूर्ति की जाएगी । मुद्रित कूपनों के रख-रखाव, वितरण आदि हेतु अग्रिम कार्य योजना/व्यवस्था कर ली जाय ताकि मुद्रित कूपनों के प्राप्त होने पर सारी आवश्यक व्यवस्थाएँ पूर्व से ही सुनिश्चित रहे एवं कार्य का सुगमता पूर्वक संचालन हो सके । कूपन प्राप्त होने पर इसमें किसी प्रकार की त्रुटि अथवा अन्य कमी दृष्टिगोचर होने पर सीधे संबंधित प्रेस

से पत्राचार किया जाए एवं इससे विभाग को भी अवगत कराया जाय। प्रेस का पता निम्नवत् है :-

एसोसिएट वाईस प्रेसीडेंट
मनीपाल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड
रजिस्टर्ड ऑफिस उदयवाणी बिल्डिंग
मनीपाल, कर्नाटक ।
Tel : 91-8202571149 to 58, Fax : 91-8202570831, 2571162
E-mail-info@manipalgroup.info, website : manipaltechnologies.com

2. विभाग द्वारा उक्त कूपनों का मुद्रण एक वर्ष की अवधि के लिए अर्थात माह जुलाई, 2015 से जून, 2016 तक के लिए कराया जा रहा है । सरकार द्वारा जुलाई, 2015 से कूपन के माध्यम से राशन एवं किरासन का वितरण कराने का निर्णय लिया गया है । अतः माह जुलाई, 2015 से राशन एवं किरासन का वितरण कूपन के माध्यम से कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाय ।

विश्वासभाजन,

30/4/2015

सरकार के सचिव ।

ज्ञापांक-प्र06-रा0कू0(मुद्रण)-01/15 3540 /खाद्य,पटना/दिनांक 30/04/15

प्रतिलिपि - एसोसिएट वाईस प्रेसीडेंट, मनीपाल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, रजिस्टर्ड ऑफिस उदयवाणी बिल्डिंग मनीपाल, कर्नाटक को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।

30/4/2015

सरकार के सचिव ।

C:\Users\supply\Desktop\Ration Coupon-2015-16.doc